**Dainik Bhaskar (Indore), 28th June 2026, Front Page – plus 03**

**रिकॉर्ड प्लेसमेंट** • डिग्री से पहले 93% बीटेक छात्रों को नौकरी

# आईआईटी इंदौर के 11 छात्रों को 1-1 करोड़ रुपए का पैकेज

भास्कर संवाददाता | इंदौर

वैश्विक आर्थिक सुस्ती और आईटी सेक्टर में छंटनी के दौर के बावजूद आईआईटी इंदौर ने अपने इतिहास का सबसे सफल प्लेसमेंट सीजन दर्ज किया है। पहली बार संस्थान के 11 बीटेक छात्रों को एक-एक करोड़ रुपए सालाना से अधिक के पैकेज मिले हैं। वहीं, बीटेक के 93 प्रतिशत से अधिक छात्रों को डिग्री पूरी होने से पहले ही नौकरी के ऑफर मिल चुके हैं।

शनिवार को संस्थान के 14वें दीक्षांत समारोह में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए डायरेक्टर प्रो. सुहास एस. जोशी ने बताया कि इस प्लेसमेंट सीजन में बीटेक छात्रों को अब तक 270 जॉब ऑफर मिले हैं। पोस्ट ग्रेजुएशन (मास्टर्स) के विद्यार्थियों को भी 108 ऑफर प्राप्त हुए हैं। चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद देश-विदेश की प्रमुख कंपनियों ने आईआईटी इंदौर के विद्यार्थियों की भर्ती की है।




## रिसर्च और इनोवेशन में भी मजबूत, 135 पेटेंट मंजूर

प्रो. जोशी ने बताया कि संस्थान के शोध कार्यों का दायरा लगातार बढ़ा है। अब तक अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में 10,700 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं और 280 नई तकनीकें विकसित की गई हैं। उद्योग और सरकारी संस्थानों के सहयोग से आईआईटी इंदौर अब तक 900 स्पॉन्सर्ड रिसर्च प्रोजेक्ट और 730 कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट पूरे कर चुका है। संस्थान ने 275 से अधिक पेटेंट फाइल किए हैं, जिनमें से 135 को मंजूरी मिल चुकी है। इनमें अकेले पिछले एक वर्ष में 80 पेटेंट मंजूर हुए हैं।